RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 12 फरवरी 2024 | वर्ष 05 | अंक 291 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## बारामती में डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी के पोस्टर पर फेंकी गई काली स्याही...
### लोकसभा कैंडीडेट बनाने की तैयारी



**बारामती:** महाराष्ट्र के बारामती में डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी के पोस्टर पर काली स्याही फेंकने का मामला सामने आया है। बता दें कि इस बार अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को बारामती से लोकसभा सीट पर उम्मीदवार बनाने की तैयारी की जा रही है। इस समय बारामती से शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले सांसद हैं। बता दें कि पुणे की बारामती लोकसभा सीट, पवार परिवार की पारंपरिक सीट मानी जाती है।

**क्या है पूरा मामला ?**

दरअसल एनसीपी पार्टी और उसका सिंबल अजित पवार के पास जाने से शरद पवार गुट के कार्यकर्ता गुस्से में हैं। इसी बीच खबर आई कि अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को बारामती से लोकसभा चुनाव लड़वाया जा सकता है। ऐसे में बारामती में लगे सुनेत्रा पवार के पोस्टर पर अज्ञात लोगों ने कालिख पोत दी। हालांकि जैसे ही ये मामला सामने आया, वैसे ही पुलिस और स्थानीय लोगों ने इस पोस्टर को हटा दिया। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव नजदीक हैं और चाचा-भतीजे के बीच मतभेद की खाई बढ़ती जा रही है। शरद पवार और अजित पवार गुट की ये लड़ाई कितनी लंबी चलेगी और आने वाले चुनावों में कौन जनता का आशीर्वाद पाएगा, ये तो समय ही बताएगा।

# महाराष्ट्र कैबिनेट के मंत्री भी करेंगे अयोध्या में रामलला के दर्शन

## महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस बोले- सभी जल्द जाएंगे अयोध्या

**मुंबई : महाराष्ट्र सरकार के सभी कैबिनेट मंत्री रामलला के दर्शन करेंगे। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यह जानकारी दी। उन्होंने रविवार को कहा कि राज्य के कैबिनेट मंत्री जल्द ही उत्तर प्रदेश में स्थित अयोध्या का दौरा करेंगे। जहां 22 जनवरी को राममंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। हालांकि, फडणवीस ने इस संबंध में और कोई जानकारी साझा नहीं की।**



काशी और मथुरा में इसी तरह के मंदिर विवादों के बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा कि कानूनी ढांचे के तहत एक सौहार्दपूर्ण समाधान निकाला जाएगा। जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अयोध्या में राममंदिर का निर्माण किया जाना सुनिश्चित किया। फडणवीस ने कहा कि मथुरा, काशी और अयोध्या, सभी पवित्र स्थान हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राममंदिर के निर्माण के बाद, लोगों के लिए मथुरा (कृष्ण जन्मभूमि) के विवाद के समाधान की उम्मीद करना स्वाभाविक है।

**गीता भक्ति अमृत महोत्सव में भाग लेने पहुंचे थे फडणवीस**

फडणवीस ने कहा कि 'मेरा मानना है कि जिस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से राममंदिर का निर्माण हुआ, उसी तरह श्री कृष्ण जन्मभूमि का भी समाधान सद्भाव और कानून के दायरे में होगा। उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ में एक नया गलियारा बनाया गया है। वहां पूजा की अनुमति भी दी गई है और अनुकूल माहौल देखा जा रहा है। सरल शब्दों में कहें तो ये सभी चीजें सद्भाव और कानून के मुताबिक हो रही हैं। फडणवीस उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ पुणे के आलंदी में गीता भक्ति अमृत महोत्सव में भाग लेने के लिए पुणे के पिंपरी चिंचवड में थे।

### हिंदू पक्ष की है ये दलील

**इस मामले में हिंदू पक्ष का कहना है कि मथुरा में शाही ईदगाह उस स्थान पर बनाई गई थी जिसे भगवान कृष्ण का जन्मस्थान माना जाता है। मस्जिद के बगल में एक कृष्ण मंदिर है। इसके अलावा, हाल ही में अदालत द्वारा आदेशित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ज्ञानवापी मस्जिद वाराणसी (काशी) का निर्माण औरंगजेब के शासन के दौरान वहां एक मंदिर को ध्वस्त करने के बाद किया गया था। वाराणसी की एक जिला अदालत ने पिछले महीने फैसला सुनाया था कि एक पुजारी ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने में प्रतिमाओं की पूजा कर सकता है, जो काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे मस्जिद को लेकर कानूनी लड़ाई में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है।**

## सहमति के बिना बिलबोर्ड पर खींची तस्वीर, एजेंसी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी

**मुंबई :** फोटोग्राफर उज्वल पुरी ने सोशल मीडिया पर 'मुंबई के एक बड़े विज्ञापन ब्रांड' पर उनकी सहमति के बिना उनकी तस्वीर का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) पर पुरी ने लिखा, ''मेरी तस्वीर को चोरी करके मेरी सहमति या अनुमति के बिना एक बड़े बिलबोर्ड पर मुद्रित होते देखकर बेहद दुखी और क्रोधित हूं। मुंबई के एक बड़े विज्ञापन ब्रांड का ऐसा करना निराशाजनक है। क्या कोई मदद कर सकता है मैं कानूनी कार्रवाई करूंगा और इसका समाधान करूंगा? मुझे सोशल मीडिया पर सेलवेल नहीं मिल रहा है।'' सोशल मीडिया पर कई लोगों ने विज्ञापन एजेंसी के कृत्य को नैतिक, नैतिक और कानूनी रूप से गलत बताया। एक अन्य फोटोग्राफर, अनिल प्रभाकर ने उनके ट्वीट का जवाब देते हुए सुझाव दिया, ''कृपया एक वकील से परामर्श लें, भाई।

## नवी मुंबई से दो बांग्लादेशी गिरफ्तार
### अवैध तरीके से भारत में टिके थे आरोपी... मामले की जांच जारी



**ठाणे :** महाराष्ट्र के नवी मुंबई टाउनशिप में दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने इन लोगों को अवैध रूप से भारत में रहने के आरोप में गिरफ्तार किया है। साइबर पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बताया कि दोनों बांग्लादेशियों को शुक्रवार को पनवेल के नादवे में खिदुकपाड़ा गांव से गिरफ्तार किया गया है। दोनों की उम्र 24 साल बताई जा रही है।

एटीएस की एक टीम ने खिदुकपाड़ा इलाके के निरीक्षण के दौरान दो व्यक्तियों को एक चॉल में रहते हुए पाया। अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान दोनों के पास से देश या प्रदेश का कोई भी वैध दस्तावेज बरामद नहीं हुआ।

**दोनों व्यक्तियों से पूछताछ जारी**

हालांकि, दोनों व्यक्तियों के पास उनके नाम पर आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और ड्राइविंग लाइसेंस थे।उनके खिलाफ शनिवार को पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) नियम-1950 और विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने कहा कि स्थानीय पुलिस ने उनकी गतिविधियों और अवैध आव्रजन नेटवर्क से किसी भी संभावित संबंध का पता लगाने के लिए मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नवी मुंबई में पत्नी पर तेजाब फेंकने के आरोप में व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज




**ठाणे :** झगड़े के बाद पत्नी पर तेजाब फेंकने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ नवी मुबंई पुलिस ने एक मामला दर्ज किया है. एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शनिवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 326 (ए) के तहत एक मामला दर्ज किया है. उन्होंने बताया कि आरोपी रमजान सिद्दीकी गाजी ने 20 जनवरी को पनवेल स्थित अपने घर पर अपनी पत्नी अमीना खातून (28) पर एक बहस के बाद कथित तौर पर तेजाब फेंक दिया. उन्होंने कहा कि अमीना का चेहरा जल गया है और उसका पश्चिम बंगाल में उसके गृहनगर में उपचार किया जा रहा है.

## 'NCP छीन ली और...'
## अपनी बनाई पार्टी को खोने के बाद चुनाव आयोग पर बरसे शरद पवार



**पुणे :** वरिष्ठ राजनेता शरद पवार ने रविवार को कहा कि अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह को NCP का नाम और चुनाव चिह्न आवंटित करने का चुनाव आयोग का निर्णय 'आश्चर्यजनक' था। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने पार्टी को उन लोगों के हाथों से 'छीन' लिया है जिन्होंने इसकी स्थापना की और इसे दूसरों को दे दिया। पवार ने कहा कि कार्यक्रम और विचारधारा लोगों के लिए महत्वपूर्ण हैं जबकि एक प्रतीक सीमित अवधि के लिए उपयोगी होता है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि लोग चुनाव आयोग के फैसले का समर्थन नहीं करेंगे, जिसके खिलाफ हमने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।'

**चुनाव आयोग पर बरसे शरद पवार**

शरद पवार ने आगे कहा कि चुनाव आयोग ने न सिर्फ हमारा चुनाव चिह्न छीना बल्कि हमारी पार्टी भी दूसरों को सौंप दी। 1999 में एनसीपी की स्थापना करने वाले पवार ने कहा, 'चुनाव आयोग ने उन लोगों के हाथों से पार्टी छीन ली जिन्होंने इसे स्थापित किया और बनाया और इसे दूसरों को दे दिया; ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था।'

# संपादकीय / लेख



## फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## हर तरफ कोकसर

राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल की निगाह में अटल टनल के दोष कोकसर तक बिखर रहे हैं और इस चेतावनी का व्यावहारिक पक्ष समझना होगा। एक व्यक्ति की निजी चिंता को सूंघते हुए एनजीटी ने राज्य और केंद्र को कोकसर के उजड़ते मंजर पर नोटिस थमाया है। अटल टनल के दरवाजे पर कूड़े-कर्कट के ढेर और इसके निष्पादन की शर्तों पर आंख मूंदे बैठे प्रशासन को एनजीटी का आदेश आईना दिखा रहा है। दरअसल अटल टनल से गुजरता वाहनों का दरिया अनवरत प्रदूषण की शक्ति का प्रदर्शन बनकर कोकसर के परिवेश से भिड़ंत कर रहा है। कोकसर की अपनी क्षमता, अपने परिणाम और परिवेश की सीमाएं हैं, जिन्हें लांघ कर पर्यटन चिढ़ा रहा है। फर्क भी यही है कि हम पर्यटन के मुस्कराने और पर्यटन के चिढ़ाने का अंतर जाने। बेशक हिमाचल में पर्यटन का सबसे बड़ा चुंबक बनी अटल टनल मशहूर है और मशगूल है, लेकिन इन बहारों में गुम हो जाने की वजह भी है। एक नागरिक आकाश को जो नजर आया, वह प्रशासन क्यों भूल गया और यह महज कोकसर का मामला नहीं, हिमाचल के हर पर्यटक स्थल की व्यस्तता का आलम यह है कि वहां कूड़े के ढेरों से निकलती बदबू और जल निकासी की अव्यवस्था में परिवेश तीव्रता से अपना वस्त्रहनन होते चुपचाप देख रहा है। अगर ग्रीन ट्रिब्यूनल की चेतना में देखें तो हिमाचल में कितने ही कोकसर मिल जाएंगे, जहां पर्यटन के मार्फत परिदृश्य से मौसम व हवाओं की पवित्रता गायब है। ऐसे में कारणों के समाधान का पीछा करेंगे तो पर्यटन नीतियों और पर्यटन स्थलों के संचालन में कमी सामने आएगी। यह सामाजिक और प्रशासनिक दृष्टि से व्यवहार और नियमों की शब्दावली व शपथ अपनाने का अनुशासन है। विश्व भर में और केरल में भी कुछ ऐसे पर्यटक गांव हैं जहां समाज ने तय कर रखा है कि सैलानियों के आगमन के बावजूद परिवेश और पर्यावरण का वजूद अव्वल रहे। हम पर्यटन को रफ्तार मानने की गलती करते आए हैं, इसलिए हर पर्यटक स्थल का मूल्यांकन उसकी भीड़ से होता है।

आश्चर्य यह है कि अभी कुछ सालों में अस्तित्व में आए बीड़-बिलिंग जैसे पर्यटक स्थल को भी हमने भीड़ के नाखूनों के सुपुर्द कर दिया है। यह भीड़ वाहनों की कतार, खाद्य-पदार्थों की भरमार व रेस्तरां की व्यस्तता में कद से कहीं ज्यादा सैलानियों के आगमन के बजाय कूड़े-कर्कट का साम्राज्य बन रही है। गौर से देखें तो कोकसर की कार्बन कापी बिलिंग से शिकारी देवी या पराशर झील तक मिलेगी। रिवालसर झील में बहते बेड़े क्यों थम गए या मछलियों ने 'बचाओ-बचाओ' चीखना शुरू कर दिया, समझना होगा। पर्यटन बनाम कूड़े या पर्यटन बनाम वाहनों के बढ़ते प्रकोप को आज नहीं समझा, तो कल हर स्थान मय्यत बन कर दिखाई देगा। यह जरूरी नहीं कि अधिक संख्या में पर्यटक आएं, लेकिन यह अनिवार्य है कि आने वाले से हमारे पर्यावरण पर कम से कम दबाव हो। यही वजह है कि हमने इन्हीं कालमों में हिमाचल सरकार की उस घोषणा में गुण-दोष निकाला जो सैलानियों की वर्तमान दो करोड़ के करीब की शुमारी को आगे चलकर पांच करोड़ की संख्या तक पहुंचाने का इरादा रखती है। करीब सत्तर लाख की आबादी वाले प्रदेश को आखिर किस हद तक जाना होगा, यह व्यवस्था, प्रबंधन तथा तौर तरीकों पर ही निर्भर करेगा। हम फिलहाल दो करोड़ पर्यटकों के सैलाब में अटल टनल के पसीने छुड़ा रहे हैं। मनाली, मकलोडगंज, डलहौजी, कसौली व शिमला को ट्रैफिक जाम में फंसा रहे हैं, तो पांच करोड़ की संख्या में हम कहां होंगे। पांच करोड़ पर्यटक आगमन के मायने यह भी हैं कि एक हिमाचली के दायरे में सात सैलानियों की घुसपैठ होगी। अगर हम हर हिमाचली के वाहन को पार्किंग, उसके कूड़े के मुकम्मल निष्पादन व जल-विद्युत की चौबीस घंटे आपूर्ति नहीं कर पा रहे, तो कोकसर जैसा उत्पात हर गांव, कस्बे व शहर में मचेगा।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मानखुर्द शिवाजीनगर परिसर मे नितेश राणे नेतृत्व मे निकला जन आक्रोश मोर्चा...

## मानखुर्द ट्रांजिट कैंप मे कुकुरमुत्ता की तर्ज पर उग आये अवैध निर्मणो पर कब चलेगा बुल्डोजर




**मुंबई (मुंबई संवादाता)** एमपूर्व मनपा विभाग मे मानखुर्द स्टेशन से लगाकर पीएमजी इलाके के परिसर मे विधायक नितेश राणे के नेतृत्व मे सकल हिंदू समाज को लेकर जन आक्रोश मोर्चा निकाला गया ।वहीं प्रसार मध्यमो से बातचीत करते हुए कहा की नितेश राणे ने कहा की लव जिहाद, अवैध बांधकाम अनाधिकृत तौर पर बड़े पैमाने पर होने वाली बंगलादेशियों मुसलमानो की बढ़ती घुसपैट रोकने मे मनपा, स्थानीय पोलिस प्रशासन नाकाम हो चुकी है ।

**आखिर कब गरजेगा बुल्डोजर मंडाला ट्रांजिट कैंप से लगे अवैध निर्मणो पर कब चलेगा बुलडोजर –**

कहा जाता है की सामाजिक संस्था की आड़ मे एम पूर्व/पश्चिम के मनपा उपायुक्त हर्षद काले पूर्व की सहायक आयुक्त अलका सासाने , चेंबूर जिलाधिकारी कार्यालय की अधिकारि अश्विनी भोसले के संरक्षण मे कानून को ताक मे रखकर खुले आम राजनीतिक भूमाफियाओ से लेकर संस्था का मुखौटा लगाये भूमाफियाओ द्वारा लाखों रुपए मे झोपड़े दुकानें बेचने का गौरख धंधा शुरू कर रखा है । जिसके चलते अवैध निर्माण के तौर पर आपको सेवन हॉल, पोधों की टेनेरी, सड़क किनारे एक एक गालों का सड़क किनारे से लेकर अंदर समुद्र की खाडी से लगे मंग्राज को काटकर अवैध निर्माण कर लाखों रुपए मे बेचने का कार्य किया जा रहा है। एमपुर्व बीएमसी, चेंबूर कॉलेक्टर कार्यलय विभाग मे बढ़ती अवैध झोपड़पट्टियों का निर्माण के कारण आया कटघरे मे।

### प्रशासन की नाकामी पर उठाये कई सवाल

**जिसको लेकर विधायक नितेश राणे ने सीधा आरोप एमपुर्व बीएमसी प्रशासन और स्थानिक पोलिस प्रशासन पर सकल हिंदू जन आक्रोश मोर्चे के दौरान जड़ते हुए कहा की महाडा की रिक्त पड़े खाली भूखंड पर नाले किनारे आखिर कैसे घाटकोपर मानखुर्द लिंक रोड़ के दोनों ओर अवैध निर्माण बनाकर संचालित किया जा रहा है ? वहीं बगल मे पार्किंग के लिए आरक्षित भूखंड मे आखिर किसके परमिशन से ढाई वर्षो मे अवैध तौर पर एक हजार झोपड़े बनाये गये ? एम पूर्व /पश्चिम के मनपा उपायुक्त, हर्षद काले, एमपुर्व सहायक आयुक्त अलका सासाने इसके लिए बहुत हद तक जिम्मेदार है । बताया जाता है की मानखुर्द मंडाला रोगीन्य,बंगलादेशि मुस्लिम बंगालियों का हॉट स्पॉट बन चुका है।कहा जाता है की बंगलादेशियों ने बंगालीपुरा झोपड़ पट्टी तक बसाई है।**

## मुंबई ट्रैफिक विभाग ने वाहन चलको के लिए जनजागरूता एवं नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन



**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** चेंबूर विभाग द्वारा आरसीएफ गेट नंबर दो सेबास्तीन स्कूल के सभागृह मे आयोजित मुंबई ट्रैफिक विभाग कि ओर से ट्रैफिक नियमों व नेत्र चिकित्सा सुविधा उपस्थित वाहन चालकों को उपलब्ध करवाई ।मुंबई ट्रैफिक विभाग की एसीपी ट्रॉम्बे विभाग वा ट्रैफिक की वरिष्ठ पोलीस निरक्षक शिरीष ईर्डीकर सहित बड़ी संख्या मे ट्रैफिक पोलीस कर्मियों की मौजूदगी मे उपस्थित थे। तथा पीपल राहत फाउंडेशन की ओर इस कार्यक्रम को सहयोग किया गया है। वहीं पीपल राहत फाउंडेशन हर वर्ष जनवरी महा मे ट्रैफिक जन जगरुकता कार्य क्रम वाहन चालको के लिए करता चला आरहा है ।वहीं उपरोक्त अवसर पर वरिष्ठ पोलिस निरक्षक शिरीष ईर्डीकर के हाथों पत्रकारों का भी सम्मान किया गया प्रमुख रूप से पत्रकार यासीन शेख, यशपाल शर्मा, हीना खान को पुष्प गुच्छा देकर सम्मानित किया गया।

## स्वराज शक्ति सेना ने की ईवीएम मशीन को बंद कर बैलेट पेपर से चुनावों करवाने की मांग

### करुणा मुंडे ने इस आशाय का लिखित निवेदन पत्र विधानसभा अधक्षय राहुल नर्वेकर को सौंपा



**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** राज्य विधानसभा अधक्षय राहुल नर्वेकर से स्वराज शक्ति सेना ने की ईवीएम मशीन को बंद कर बैलेट पेपर से चुनावों करवाये । अन्यथा मतदान स्थल पर जहाँ पर ईवीएम मशीन रखी जाती है वहाँ पर जैमर लगवाये ताकि बगैर किसी नेट वर्क के ईवीएम को हक नहीं किया जा सकता। इस आशय का पत्र लेकर स्वयं स्वराज शक्ति सेना की प्रमुख करुणा मुंडे ने विधानसभा अधक्षय को यह कहकर निवेदन सौंपा की स्वराज शक्ति सेना राष्टि पार्टी की अधक्षय होने के साथ आगामी होने वाले चुनावों मे अपने पार्टी के उम्मीदवार चुनावों मे उतारने चाहती है। जिससे मतदान निष्पक्ष ढंग से पुरा करवाया जा सके। उल्लेखनीय तौर पर मौजूदा समय मे ईवीएम को लेकर की संपूर्ण देशभर मे अविश्वास को लेकर जो जन क्रोश दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है उसे देखते हुए यह कदम उठाये जाये।

## सहमति के बिना बिलबोर्ड पर खींची तस्वीर... एजेंसी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी

**मुंबई** : फोटोग्राफर उज्वल पुरी ने सोशल मीडिया पर 'मुंबई के एक बड़े विज्ञापन ब्रांड' पर उनकी सहमति के बिना उनकी तस्वीर का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) पर पुरी ने लिखा, ''मेरी तस्वीर को चोरी करके मेरी सहमति या अनुमति के बिना एक बड़े बिलबोर्ड पर मुद्रित होते देखकर बेहद दुखी और क्रोधित हूं। मुंबई के एक बड़े विज्ञापन ब्रांड का ऐसा करना निराशाजनक है। क्या कोई मदद कर सकता है मैं कानूनी कार्रवाई करूंगा और इसका समाधान करूंगा? मुझे सोशल मीडिया पर सेलवेल नहीं मिल रहा है।'' सोशल मीडिया पर कई लोगों ने विज्ञापन एजेंसी के कृत्य को नैतिक, नैतिक और कानूनी रूप से गलत बताया। एक अन्य फोटोग्राफर, अनिल प्रभाकर ने उनके ट्वीट का जवाब देते हुए सुझाव दिया, ''कृपया एक वकील से परामर्श लें, भाई। आप बड़े मुआवजे के लिए मुकदमा दायर कर सकते हैं।



## यौन उत्पीड़न के आरोपी व्यक्ति बरी



**मुंबई:** विशेष POCSO अदालत ने जुलाई 2016 में एक नाबालिग लड़की के अपहरण और यौन उत्पीड़न के आरोप में दर्ज 30 वर्षीय व्यक्ति को बरी कर दिया है। उस व्यक्ति को बरी कर दिया गया जब लड़की ने गवाही दी कि उसने अपने सौतेले पिता के साथ घर पर लगातार झगड़े के कारण घर छोड़ दिया था। अभियोजन पक्ष के मामले के अनुसार, पीड़िता, 12वीं कक्षा की छात्रा, अपनी मां और अपने सौतेले पिता के साथ रह रही थी। 26 जुलाई 2016 को, जब मां और सौतेले पिता बाहर थे, लड़की ने अपना घर छोड़ दिया। मां ने कांजुरमार्ग पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। 2 अगस्त 2016 को लड़की को आरोपी के घर पर खोजा गया जो उसका पारिवारिक मित्र था। इसके बाद मां ने आरोपी के खिलाफ बलात्कार और यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया।

# सड़क किनारे लावारिस खड़ी वाहनों को तत्काल हटाने का मनपा आयुक्त का निर्देश...

## आयुक्त ने संकरी गलियों सड़कों, फुटपाथों सफाई की

**मुंबई :** मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने परिवहन विभाग के अधिकारीयों को निर्देश दिया है कि सड़क किनारे खड़ी लावारिस वाहनों को तत्काल हटाए। आयुक्त ने कहा कि सड़क किनारे खड़ी वाहनों से ट्रैफिक की समस्या पैदा तो होती है साथ ही शहर को बदरूप करने का भी काम करती है। मनपा का चल रहे डीप क्लीनिंग ड्राइव के तहत शनिवार को मुंबई के सभी २४ वॉर्ड में एक साथ सार्वजनिक स्वच्छता अभियान चलाया गया। खासकर झोपड़ पट्टी वाले इलाकों की संकरी सड़कों, फुटपाथों, डिवाइडरों, छोटी गलियों की सफाई की गई। मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने अंधेरी पूर्व और गोरेगांव ईस्ट में आयोजित अभियान में भाग लिया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निर्देशन में ३ दिसंबर २०२३ से मुंबई में संपूर्ण स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शनिवार को सहायक आयुक्तों के देख रेख में संपूर्ण स्वच्छता अभियान शनिवार




को पूरे मुंबई में एक साथ शुरू किया गया । सफाई अभियान के तहत सड़कों, फुटपाथों कूड़े हटाना, पानी से धोना, सड़कों पर उगे छोटे पौधों को उखाड़ना, अवैध विज्ञापन बोर्डों को हटाना, कीटनाशकों के धुएं का छिड़काव करना शामिल है। सीवर एवं नालियों की सफाई, खतरनाक तारों को भी हटाया जाएगा। मनपा आयुक्त चहल ने अंधेरी ईस्ट क्षेत्र में जमनालाल बजाज नगर, गोरेगांव में विट्ठलपाड़ा क्षेत्र में आंतरिक सड़कों और गलियों की सफाई की। सफाई अभियान में स्थानीय जन-प्रतिनिधि, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि और नागरिक शामिल हुए। अंधेरी पूर्व में स्वामी विवेकानन्द मार्ग पर ओमनगर में फुटपाथों एवं सड़कों पर पानी का छिड़काव करते समय जैसे ही यह बताया गया कि सड़क के दोनों ओर खड़े वाहन सफाई के साथ-साथ कूड़ा-कचरा हटाने में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। चहल ने तत्काल संयुक्त पुलिस आयुक्त यातायात से फोन पर संपर्क किया। कहा कि पूरी मुंबई में आंतरिक सड़कों पर और अन्य जगहों पर लंबे समय तक सड़कों के किनारे खड़े लावारिस वाहन सफाई में बाधा डालते हैं। इसका असर यातायात पर भी पड़ता है। यह मामला बार-बार पुलिस के संज्ञान में लाया गया है। अब से बीएमसी और ट्रैफिक पुलिस को समन्वय बनाकर इन वाहनों को हटाने में तेजी लानी चाहिए। कमिश्नर ने गोरेगांव पश्चिम के स्वातंत्र्यवीर सावरकर चौक, सुंदर नगर जंक्शन, खंडू भंडारी चौक, विट्ठलपाड़ा इलाकों में सफाई अभियान में हिस्सा लिया।

## सहकर्मी के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए कई कर्मचारी,...

# 100 से ज्यादा ट्रेनें रद्द!

**मुंबई:** सेंट्रल रेलवे मुंबई डिवीजन में शनिवार को ड्यूटी पर मोटरमैन के होने से 100 से अधिक लोकल ट्रेनें रद्द कर दी गईं। भायखला और सैंडहर्स्ट रोड स्टेशन के बीच सेंट्रल और हार्बर लाइन पर उपनगरीय ट्रेन सर्विस में देरी हुई। दरअसल, कई कर्मचारी (मोटरमैन) अपने सहकर्मी के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस घटना से सवाल उठ रहे हैं कि कहीं यह सुनियोजित विरोध प्रदर्शन तो नहीं था क्योंकि पहले भी मोटरमैन काम के अत्यधिक दबाव का मुद्दा उठा चुके हैं।

शाम के वक्त रेल सेवाओं में देरी के कारण बड़ी संख्या में यात्री सीएसएमटी और अन्य स्टेशन पर फंसे रहे। अधिकारी ने कहा, 'ट्रेन सर्विस में देरी हुई क्योंकि कई मोटरमैन अपने सहयोगी मुरलीधर शर्मा के अंतिम संस्कार में शामिल होने कल्याण गए थे। शर्मा की शुक्रवार को भायखला और सैंडहर्स्ट रोड स्टेशन के बीच पटरी पार करते




समय मौत हो गई थी।' उन्होंने बताया कि शर्मा का अंतिम संस्कार दोपहर को होना था लेकिन यह शाम 5 बजे हो सका। अधिकारी ने बताया कि 88 लोकल ट्रेन सेवाओं सहित लगभग 147 ट्रेन रद्द कर दी गईं। सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ (उफ्टर) कर्मचारी संघ के अनुसार, मृतक मोटरमैन शर्मा को लेकर बीते दिनों जांच चल रही थी, क्योंकि उसने ड्यूटी के दौरान लाल सिग्नल जंप किया था। सीआरएमएस के महासचिव प्रवीण वाजपेयी ने प्रशासनिक कार्रवाइयों पर चिंता जताई। उन्होंने कर्मचारियों के मनोबल पर सिग्नल पासिंग एट डेंजर (रढअऊ) की दुर्घटनाओं के खतरनाक प्रभाव का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'गलती होने पर दंड देने से पहले कारणों पर विचार करना चाहिए।

# ईडी का खुलासा... दिलीप छाबड़िया की कंपनी को मिले 18 करोड़

**मुंबई:** विशेष अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर अभियोजन शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एक हालिया आदेश में कहा है कि यह दिखाने के लिए सबूत हैं कि कार डिजाइनर दिलीप छाबड़िया की कंपनी के बैंक खाते में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 18.13 करोड़ रुपये जमा किए गए थे। अदालत ने यह देखते हुए छाबड़िया और छह अन्य आरोपियों को समन जारी किया है कि प्रथम दृष्टया, सभी आरोपियों के खिलाफ पीएमएलए अधिनियम के तहत प्रक्रिया जारी करने के लिए पर्याप्त सामग्री है। कोर्ट ने आरोपियों को 26 फरवरी को पेश होने को कहा है. पिछले महीने ईडी ने छाबड़िया, उनकी बहन कंचन, वित्त प्रबंधक निहाल बजाज, समाधान पेशेवर जीतेंद्रकुमार यादव, दिलीप छाबड़िया डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड (डीसीडीपीएल), डीसी मोटर वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड और डीसी ऑटोसॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के लिए अभियोजन शिकायत दर्ज की थी।

अपने विस्तृत आदेश में, अदालत ने कहा: प्रारंभिक चरण में गहन जांच के बाद ईडी इस निष्कर्ष




पर पहुंची कि इस मामले में शामिल कुल पीओसी 18.13 करोड़ रुपये है। इतनी रकम प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से दिलीप छाबड़िया डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड (डीसीडीपीएल) के बैंक खातों में जमा की गई थी। अभियोजन की शिकायत में विभिन्न विवरणों और फ़्लोचार्ट के साथ धन के लेन-देन का प्रदर्शन किया गया है। दस्तावेजों और बयानों की प्रतियों के साथ ये विवरण प्रथम दृष्टया आरोपियों और उनकी कंपनियों की गहरी संलिप्तता का संकेत देते हैं। अदालत ने कहा कि शिकायत, दस्तावेजों की प्रतियां और बयानों से संकेत मिलता है कि दिलीप छाबड़िया डिजाइन अपने निवेशकों में से एक क्रिएटिव गारमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड की शिकायत के आधार पर कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के तहत था। उक्त कार्यवाही में, राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, मुंबई ने 17 सितंबर, 2019 को यादव को समाधान पेशेवर के रूप में नियुक्त किया था।

# अवैध शराब माफिया ने परेल स्कूल में कुत्ते को बेरहमी से मार डाला, जांच की मांग

**मुंबई :** घटनाओं के एक दुखद मोड़ में, दक्षिण मुंबई के परेल इलाके की निवासी साक्षी दरेकर को यह पता चला कि उनके प्रिय गोद लिए गए आवारा कुत्ते, राजा को पिछले हफ्ते की शुरूआत में इलाके के एक नगरपालिका स्कूल के परिसर में बेरहमी से मार दिया गया था। दरेकर स्कूल परिसर से शराब के अवैध उत्पादन और बिक्री के बारे में मुखर थे, जिससे स्थानीय शराब माफिया के साथ तनाव पैदा हो गया था। इस मुद्दे को लेकर उन्होंने अधिकारियों के पास कई शिकायतें भी दर्ज कराई थीं।

अपने गोद लिए हुए पालतू जानवर की मौत की दुखद घटना के बाद, दारेकर ने भोईवाड़ा पुलिस



स्टेशन में एक प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की, जिसमें उनका विश्वास व्यक्त किया गया कि राजा की क्रूर मौत के लिए शराब माफिया जिम्मेदार था। पुलिस शिकायत के अनुसार, राजा के पैर बंधे हुए थे और ऐसा लग रहा था कि उसे लाठियों या किसी भारी वस्तु से पीटा गया था।

दरेकर ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में खुलासा किया कि उन्हें शराब रैकेट से जुड़े लोगों से धमकियां मिली हैं और उन्हें अपनी शिकायतें बंद करने की चेतावनी दी गई है। हालाँकि, उसने कभी नहीं सोचा था कि वे उसके प्यारे पालतू जानवर को नुकसान पहुँचाने का सहारा लेंगे। अपने दुखद नुकसान पर रोते हुए उन्होंने कहा कि इस जघन्य हत्या में एक राजनीतिक दल के साथ काम करने वाले एक व्यक्ति का हाथ है।

**मामले में कानूनी कार्रवाई की गई**

जबकि एफआईआर में वर्तमान में अपराधियों को 'अज्ञात' के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, ढअछ (प्योर एनिमल लवर्स) समूह के संस्थापक, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुधीर कुडालकर ने अपना संदेह व्यक्त किया और गहन जांच की आवश्यकता पर जोर दिया। दरेकर ने अनुमान लगाया कि राजा को उनकी अनुपस्थिति के प्रतिशोध में निशाना बनाया गया होगा, जिससे अपराधियों को तत्काल नतीजों के डर के बिना बदला लेने का मौका मिल गया। पशु क्रूरता के इस जघन्य कृत्य के लिए जिम्मेदार अपराधियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए अधिकारी मामले में आगे की जांच कर रहे हैं।

# राजनीतिक फायदे के लिए दिया जा रहा है भारत रत्न - राउत

**मुंबई:** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने रविवार को आरोप लगाया कि केंद्र द्वारा घोषित भारत रत्न पुरस्कार 2024 लोकसभा से पहले ''राजनीतिक लाभ'' के लिए दिए जा रहे हैं। चुनाव. रविवार को मुंबई में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राउत ने कहा, ''भारत रत्न इसके राजनीतिक लाभ को देखकर दिया जाता है।'' यह कहते हुए कि एक वर्ष में केवल तीन लोगों को भारत रत्न से सम्मानित किया जा सकता है, राज्यसभा सांसद ने कहा कि सरकार पांच लोगों को यह पुरस्कार दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया, ''यह सब राजनीतिक लाभ के लिए किया जा रहा है...चौधरी चरण सिंह (पूर्व प्रधानमंत्री) को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है क्योंकि वे चाहते हैं कि जयंत चौधरी उनकी पार्टी में शामिल हों...'' ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) प्रमुख जयंत चौधरी इंडिया ब्लॉक को झटका देते हुए बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को घोषणा की कि पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। उनके साथ ही हरित क्रांति के जनक कहे जाने वाले एमएस स्वामीनाथन को भी देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। विपक्षी नेताओं ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पुरस्कारों की घोषणा के समय पर सवाल उठाया है। घोषणा के बाद शुक्रवार को कांग्रेस नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी. यह मान्यता आम चुनाव की पूर्व संध्या पर मिली है। तीन भारत रत्न पुरस्कार विजेताओं की स्मृति को श्रद्धांजलि।''




# नवी मुंबई के व्यक्ति से 17 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में चार लोगों पर मामला दर्ज




**ठाणे :** महाराष्ट्र में नवी मुंबई शहर के 45 वर्षीय एक व्यक्ति से 17 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने के आरोप में साइबर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि नेरुल इलाके के रहने वाले पीड़ित को शेयर बाजार में निवेश करने के बदले में उच्च मुनाफे का लालच दिया गया था। साइबर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर पीड़ित से पांच दिसंबर 2023 से 28 जनवरी 2024 तक एक फर्जी शेयर व्यापार योजना में 17.30 लाख रुपये का निवेश कराया। जब पीड़ित को वादे के मुताबिक मुनाफा और निवेश की गयी रकम नहीं मिली तो उसने पुलिस में एक शिकायत दर्ज करायी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 419 (भेष बदलकर धोखाधड़ी करना), 420 (धोखाधड़ी) और 34 (साझा मंशा) के तहत चार लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

# 25 लाख दो मुंबई में मिलेगा फ़्लैट...

## धारावी में सक्रिय हुए झोपड़ी दलाल



**मुंबई :** मुंबई में आशियाने का सपना वो सुनहरा ख्वाब है, जिसके पीछे कइयों की जिंदगी बीत जाती है। ऐसे में अगर कोई ये कह दे कि महज 25 लाख में उसे मुंबई में घर मिल जायेगा तो यकीनन ये बहुतों के लिए सपना सच होने जैसा साबित हो सकता है, लेकिन उसके लिए आपको भी सवधान रहने की जरूरत है। इन दिनों धारावी में झोपड़ों की कीमत तेजी से बढ़ रही है। पुनर्विकास के नाम पर इलाके में झोपड़ियों की कीमत आसमान छूने लगी है। दलाल भी सक्रिय हो गए हैं। लोग धारावी मे झोपड़ी खरीदने के लिये दलालों की गिरफ्त में आ रहे हैं। धारावी में झोपड़ी खरीदना ओखली मे सर डालने के समान है, क्योंकि यहां की कीमते उछाल मारने लगी हैं। लगातार कीमतें बढ़ रही हैं। उसके अलावा हर इलाके की किमतें अलग अलग निर्धारित कर दी गई हैं। एक दलाल के मुताबिक यहां के झोपड़ों मालिकों के अच्छे दिन आ गए हैं।

**इलाके के अनुसार झोपड़ों की कीमतें निर्धारित**

सायन के एक दलाल जो पिछले कुछ महीने से धारावी 90 फीट रोड कामराज हाई स्कूल के सामने अपना अस्थाई कार्यालय खोले हुए हैं, उनका कहना है कि धारावी में झोपड़े खरीदने वालों की बाढ़ सी आ गई है जबकि हम समझाते भी हैं कि पुनर्विकास में झोपडों को मुलुंड डंपिंग भेजा जायेगा या साल्ट पेन मीठागर की जगह पर बसाया जायेगा। कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन लोग चाहते हैं कि एक झोपडा लेकर रखते हैं निवेश करने में फायदा ही होगा। अगर फ़्लैट मिलता है, तो करोडों का होगा। इसलिए खंबा देवी के पास झोपडों की कीमते 45 लाख से शुरू होती है, 10 बाई 15 के झोपड़े 50 लाख मे मिल जाएँगे।

कुल मिलाकर ये कहा जा सकता है कि धारावी का पुनर्विकास जब होगा तब होगा लेकिन झोपड़ों की कीमत आसमान छूने लगी है। जैसा कि दलाल कह भी रहे हैं कि झोपड़ा मालिकों के अच्छे दिन आ गए हैं। लेकिन जिस तरह से बाहरी लोग भी धारावी के झोपड़ों पर धड़ल्ले से निवेश कर रहे हैं ये उनके लिए घाटे का सौदा भी हो सकता है। अगर निवेश के तौर पर ये पूंजी लगाई जा रही है तो इसका ध्यान उन्हें अच्छी तरह से देना चाहिए।

### दलाल निपटाते हैं पूरा काम

**रेलवे की जगह पर बसे झोपड़ों की कीमतें कम है, यहां 15 लाख से झोपड़ों की कीमत शुरू है, ट्रांजिस्ट कैम्प 12 नंबर मे 40 से 60 लाख के झोपड़े हैं, जबकि धारावी पुलिस स्टेशन के पीछे की चाल में 25 से 50 लाख तक के झोपड़े मिल रहे हैं। दलाल अपने 2 प्रतिशत दलाली की खातिर घर खरीदने के इच्छुक लोगों को सभी जरूरी कागजात बनवाकर देने का वादा भी कर रहे हैं। बशर्ते अधिकारीयों को अलग से खिलाना होता है, फिर चाहे फोटो पास हो या इलेक्ट्रिक बिल मे नाम का ट्रांसफर सब कर देंगें।**

# "कभी-कभी लगता है कि मैं आतंकवादी हूं"

## पंजाब की चुनावी सभा में बोले केजरीवाल



**पंजाब :** पंजाब के खडूर साहिब संसदीय क्षेत्र में एक जनसभा को संबोदित करते हुए आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कभी कभी उनको लगता है कि वह एक आतंकवादी हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार मेरे साथ एक अपराधी की तरह व्यवहार कर रही है। वह मुझे झूठे आरोप लगाकर गिरफ्तार करवाना चाहती है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियां बीजेपी के इशारे पर काम कर रही हैं और वह ही मुझे जेल में डालना चाहती है।


**केंद्र सरकार मुझे जेल भेजना चाहती है- केजरीवाल**

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि ये लोग मुझे गिरफ्तार करके जेल भेजना चाहते हैं, जिससे मैं आगामी लोकसभा चुनावों में पार्टी के लिए प्रचार ना कर सकूं। इनके पास मेरे खिलाफ किसी भी मामले में कोई सबूत नहीं है, इसके बावजूद एऊमुझे नोटिस पर नोटिस भेजकर परेशां कर रही है। ये लोग सोच रहे हैं कि मैं ऐसे झूठे नोटिसों से डर जाऊंगा तो यह गलत सोच रहे हैं।

**'हम दिल्ली और पंजाब की सभी सीटें जीत रहे'**

इस चुनावी सभा में केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी आगामी लोकसभा चुनावों में पंजाब की 13 की 13 और दिल्ली की 7 की 7 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी। केजरीवाल का यह बयान कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। बता दें कि दोनों दल इंडिया गठबंधन के सदस्य हैं और अभी तक सीट बंटवारे को लेकर बात फाइनल नहीं हुई है। वहीं अब जब केजरीवाल ने यह ऐलान किया है तो इससे कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। वहीं इससे पहले कहा जा रहा था कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच दिल्ली, हरियाणा और गोवा राज्यों में गठबंधन का फॉमूर्ला तय हो चुका है और पंजाब पर बातचीत जारी है। लेकिन अब केजरीवाल के इस बयान ने पिछली खबरों पर भी सवालिया निशान लगा दिया है।

# दुकान मालिक को मारी गोली, फिर युवक ने कर ली खुदकुशी...



**मुंबईः** महाराष्ट्र में गोलीबारी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है. मुंबई के बाद इस बार सांस्कृतिक राजधानी कहे जाने वाले पुणे एक बार फिर गोलीबारी हुई है. यह घटना पुणे के औंध इलाके में हुई. पुलिस के अनुसार पुणे में वित्तीय विवाद के चलते यह गोलीबारी हुई है. गोली चलाने वाले आरोपी ने भी खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने कहा कि 52 वर्षीय एक व्यक्ति ने शनिवार शाम पुणे शहर में एक होटल के बाहर एक विवाद को लेकर एक आभूषण दुकान के मालिक पर गोली चलाई और उसे घायल कर दिया, इससे पहले कि उसने एक ऑटोरिक्शा में खुद को गोली मार ली. दुकान मालिक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है. आत्महत्या करने वाले कारोबारी की पहचान अनिल धमाले (उम्र 52, निवासी बालेवाड़ी) के रूप में हुई है. घायल दुकान मालिक की पहचान आकाश गजानन जाधव (उम्र 39, निवासी बानेर) के रूप में हुई है. बता दें कि दो दिन पहले ही उद्धव ठाकरे गुट के नेता अभिषेक घोसालकर को मौरिस भाई ने गोली मार कर खुद जान दे दी थी. उसके पहले बीजेपी विधायक गणपत गायकवाड़ एकनाथ शिंदे गुट के शिवसेना के नेता महेश गायकवाड़ को दिनदहाड़े गोली मार दी थी. बता दें कि दो दिन पहले ही उद्धव ठाकरे गुट के नेता अभिषेक घोसालकर को मौरिस भाई ने गोली मार कर खुद जान दे दी थी. उसके पहले बीजेपी विधायक गणपत गायकवाड़ एकनाथ शिंदे गुट के शिवसेना के नेता महेश गायकवाड़ को दिनदहाड़े गोली मार दी थी.

# विदर्भ क्षेत्र में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलें हुई प्रभावित

**मुंबई :** महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में ओलावृष्टि के साथ बेमौसम बारिश होने से कपास सहित विभिन्न फसलें प्रभावित हुई हैं। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। विदर्भ क्षेत्र के नागपुर, यवतमाल, वर्धा और अमरावती जिलों में शनिवार को तेज हवाओं और ओलावृष्टि के साथ भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को क्षेत्र में बेमौसम बारिश का पूर्वानुमान जारी किया था। वर्धा जिले के एक राजस्व अधिकारी



ने बताया, 'बारिश और हवा के कारण कपास, गेहूं, चना, अरहर जैसी फसलें बर्बाद हो गई हैं', राज्य के राजस्व अधिकारी जल्द ही नुकसान का आकलन करेंगे, क्योंकि खेत अभी गीले हैं।' मौसम विभाग ने रविवार को भी विदर्भ के अधिकांश हिस्सों के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि क्षेत्र में कई स्थानों पर आंधी और बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, विदर्भ क्षेत्र में बारिश की 51 से 75 प्रतिशत संभावना है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com